प्रसारण तिथि : 09.07.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :—

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बांदा में 710 करोड़ रुपए से अधिक लागत की 229 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास : कहा— डबल इंजन सरकार ने बुंदेलखंड में बदली विकास की तस्वीर।
2. श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के चढ़ावे मं अनियमितता के मामले में पुलिस ने तेज की जांच : आठ आरोपियों समेत संदेह के दायरे में आये परिजनों के 30 बैंक अकाउंट सीज।
3. प्रदेश सरकार 12 जुलाई को लगायेगी 35 करोड़ पौधे : प्रदेश के वन राज्यमंत्री अरुण सकसेना ने कहा— हरित क्षेत्र बढ़ाने को लेकर प्रतिबद्ध है सरकार।

और

4. प्रदेश के कई जनपदों में भारी वर्षा से जनजीवन प्रभावितः मौसम विभाग ने 11 जुलाई तक बारिश का ऑरेंज अलर्ट किया जारी।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज बांदा मं 710 करोड़ रुपए से अधिक लागत की 229 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, चेक और आयुष्मान कार्ड वितरित किये। कार्यक्रम को संबोधित

करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बुंदेलखंड के विकास का सपना डबल इंजन सरकार ने साकार किया है। सरकार इस क्षेत्र को यूपी के सबसे बड़े औद्योगिक शहर बीडा के रूप में विकसित कर रही है। बाइट.....

*मैं उन्हें आश्वस्त करता हूं कि हमारे बुंदेलखंड के विकास के लिए यहां की विरासत के संरक्षण के लिए जो भी प्रोजेक्ट शासन के संज्ञान में आएगा उसको आगे बढ़ाकर के बुंदेलखंड को धरती का स्वर्ग बनाने का काम हम लोग करेंगे। आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे।*

मुख्यमंत्री ने बांदा में वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की प्रतिमा का अनावरण भी किया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने आज अपने चित्रकूट दौरे के दूसरे दिन कानून व्यवस्था और विकास योजनाओं की समीक्षा कर अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने भगवान श्री कामतानाथ के दर्शन किए और पावन कामदगिरि की परिक्रमा कर प्रदेश की सुख–समृद्धि, की कामना की।

———————

अयोध्या के श्री राम जन्मभूमि मंदिर में चढ़ावे में अनियमितता के मामले में पुलिस की विशेष टीम ने जांच तेज़ कर दी है। पुलिस ने आठों आरोपियों समेत संदेह के दायरे में आए परिजनों और रिश्तेदारों के करीब 30 बैंक अकाउंट सीज कर दिये हैं। पुलिस ने आरोपी अनुकल्प मिश्रा के चाचा को हिरासत में लिया है। इसके साथ ही इनायतनगर स्थित एक सर्राफा प्रतिष्ठान के संचालक को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। इस बीच श्रीराम

जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि महाराज ने बताया कि संत समाज ने ट्रस्ट के फैसलों पर संतुष्टि जताई है। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट ने मंदिर में चढ़ावा गिनती स्थल का निरीक्षण किया है और ऐसी व्यवस्था की जा रही है, जिससे भविष्य में कोई अन्य घटना दोबारा न हो सके। बाइट.....

*इस बात का विश्वास रखिए कि हम लोग इस कार्य को अब अधिक दक्षता के साथ करेंगे। किसी पर निर्भर नहीं रहेंगे और जब यहां का सीईओ नियुक्त हो जाएगा, उसके पश्चात तो सारी कार्य पद्धति में एक निखार आएगा।*

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में दर्शन के लिये जारी किये जाने वाले वीआईपी पास की व्यवस्था में बदलाव किया गया है। ट्रस्ट के महासचिव रहे चंपत राय, ट्रस्टो अनिल मिश्रा और गोपाल के रिफरेंस आईडी सस्पेंट कर दी गई है। इसके चलते उनके माध्यम से विशेष दर्शन पास जारी नहीं हो रहे हैं। नई रिफरेंस आईडी अभी तक जारी नहीं की गई है। ऐसे में पहले से जारी किये गये विशेष पास मान्य किये जा रहे हैं। नये पास नई रिफरेंस आईडी जारी होने के बाद बन सकेंगे।

———————

केन्द्रीय राज्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने आज मिर्जापुर में पार्टी पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा की। मीडिया से बात

करते हुए श्री चौधरी ने अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावे की चोरी के मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई होगी।

बाइट.....

*मंदिर बनने के बाद उसका एक प्रभावित ट्रस्ट बना हुआ है। ट्रस्ट की ही देखरेख में होता सरकार का उसमें कोई इंटरफेरेंस नहीं होता है और निश्चित तौर से जो भी ट्रस्ट का हेड है वो भी जवाब दे होगा और जो जांच में दोषी पाया जाएगा निश्चित तौर से कड़ी से कड़ी सजा दी।*

———————

एक राष्ट्र—एक चुनाव पर पीपी चौधरी की अध्यक्षता में गठित संयुक्त संसदीय समिति 10 से 15 जुलाई तक पणजी और लखनऊ का दौरा करेगी। इस अध्ययन दौरे का उद्देश्य क्षेत्रीय स्तर पर संवाद की प्रक्रिया को आगे बढ़ाना तथा विभिन्न हित धारकों के साथ व्यापक विचार—विमर्श करना है। समिति, इस दौरान उच्च संवैधानिक पदाधिकारियों, निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, राजनीतिक दलों, अधिवक्ता संघों और विभिन्न पेशेवर संगठनों के साथ परामर्श करेगी।

———————

रक्षा मंत्रो राजनाथ सिंह ने कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट नीतिगत नेतृत्व के लिए उत्तर प्रदेश को 17वें एग्रीकल्चर लीडरशिप अवॉर्ड 2026 से सम्मानित किया। नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में यह सम्मान प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही को प्रदान किया गया। इस मौके पर कृषि मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज कृषि के क्षेत्र में नए

कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश का खाद्यान्न उत्पादन 543 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 750 लाख मीट्रिक टन हो गया है। देश के कुल उत्पादन में अकेले यूपी 22 प्रतिशत योगदान कर रहा है।

————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

प्रदेश सरकार की ओर से 12 जुलाई को 35 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। इस महाअभियान के तहत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर में 'एक पेड़ मां के नाम' लगाएंगे। प्रदेश के वन राज्य मंत्री अरुण सक्सेना ने कहा कि सरकार हरित क्षेत्र बढ़ाने को लेकर प्रतिबद्ध है और यह कीर्तिमान आसानी से हासिल करेगी। बाइट.....

*35 करोड़ का लक्ष्य बड़ा है लेकिन उत्तर प्रदेश और माननीय योगी जी की सरकार और यहां की जनता के लिए बहुत बड़ा नहीं है। हमने पिछली बार भी 35 करोड़ का टारगेट था तो हमने 36 करोड़ पेड़ लगाए थे एक ही*

*दिन में तो हमारे लिए 35 करोड़ का लक्ष्य बड़ा जरूर है लेकिन बहुत बड़ा नहीं है। हम इससे कहीं ज्यादा पेड़ लगाएंगे।*

—————————

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में आज कानपुर के छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह सम्पन्न हुआ। इस मौक पर विद्यार्थियों को एक लाख से अधिक डिग्रियां और 51 पदक प्रदान किये गये। पदक पाने वालों में 9 छात्र और 42 छात्राएं शामिल है। इस मौके पर आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिये किट का वितरण और 8 सौ बालिकाओं का एचपीवी टीकाकरण कराया गया। इस मौके पर राज्यपाल ने कहा कि अब तक लगभग 3 लाख बालिकाओं का निशुल्क एचपीवी टीकाकरण कराया जा चुका है।

—————————

उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा–2026 की प्रोविजनल उत्तरकुंजी को लेकर अभ्यर्थी 14 जुलाई तक ऑनलाइन आपत्ति दर्ज कर सकत हैं। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने यह जानकारी दी है। टीईटी परीक्षा 2 और 3 जुलाई को प्रतिदिन दो–दो पालियों और 4 जुलाई को प्रथम पाली में सम्पन्न हुई थी।

—————————

भातखंडे संस्कृत विश्वविद्यालय ने प्रवेश के लिये आवेदन की अंतिम तिथि 15 जुलाई तक बढ़ा दी है।

अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं।

——————————

प्रदेश के कई जनपदों में बारिश ने आम जनजीवन को प्रभावित किया है। राजधानी लखनऊ समेत फर्रुखाबाद, मुजफ्फरनगर, संभल, नोएडा, अयोध्या, चित्रकूट, बिजनौर सहित कई जिलों में आज बारिश हुई। बारिश और जलभराव के चलते संभल आर मुजफ्फरनगर में जिला प्रशासन ने आज स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया। अमरोहा में बारिश और बैराज से पानी छोड़ने के बाद गंगा का जलस्तर बढ़ गया है, जिससे कई गांवों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। बाढ़ की आशंका को देखते हुए यहां 11 बाढ़ चौकियां स्थापित को गई हैं। लगातार बारिश के कारण गंडक नदी कुशीनगर के खड्डा में खतरे के निशान के करीब पहुंच गई है। लखनऊ स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया है कि 11 जुलाई तक प्रदेश में कई स्थानों पर भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। बाइट.....

*पिछले 24 घंटों के दौरान वेस्ट यूपी में हेवी टू वेरी हेवी रेन के साथ कहीं–कहीं एक्सट्रीमली हेवी रेन हुई है और अगर आगे आने वाले दिनों में बात करें तो यह उत्तरोत्तर मध्य उत्तर प्रदेश और उसके बाद पूर्वी उत्तर प्रदेश की ओर आगे बढ़ेगा यद्यपि यह उत्तरोत्तर कमजोर होता जाएगा परंतु इसके प्रभाव से कल जो है इसके सेंट्रल यूपी की तरफ आने पर और थोड़ा कमजोर होने पर वर्षा की मात्रा में थोड़ी कमी आएगी लेकिन भारी से बहुत भारी वर्षा का दौर पश्चिम उत्तर प्रदेश में कल यानी कि 10 जुलाई को भी*

*जारी रहेगा और इसके बाद 11 जुलाई को पश्चिम उत्तर प्रदेश में इसमें व्यापक तौर पर कमी आ जाएगी और तराई इलाकों में यह कहीं–कहीं भारी वर्षा तक सीमित हो जाएगा।*

(समाप्त)